1-Prime Minister Narendra Modi and Russian President Vladimir attended 21st India-Russia Annual Summit in New Delhi.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने नई दिल्ली में **21**वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक में हिस्सा लिया।

2-Ousted Myanmar leader Aung San Suu Kyi has been sentenced to four years in prison after being found guilty of inciting dissent against the military and breaching COVID-19 rules.

म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू की को सेना के खिलाफ असंतोष भड़काने और कोविड - **19** नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद चार साल जेल की सजा सुनाई गई है।

3-Leading online higher education company upGrad announced it has acquired Gurugram-based edtech rival Talentedge. The acquisition is valued somewhere between Rs 350-Rs 400 crore.

अग्रणी ऑनलाइन उच्च शिक्षा कंपनी अपग्रेड ने घोषणा की कि उसने गुरुग्राम स्थित एडटेक प्रतिद्वंद्वी टैलेंटेज का अधिग्रहण कर लिया है। अधिग्रहण का मूल्य **350-400** करोड़ रुपये के बीच है।

4-The worldwide telecommunications firm Oppo has signed a Memorandum of Understanding with The Indian Institute of Technology (IIT) Delhi to offer scholarships covering educational expenses for the shortlisted students.

भारत के युवा दिमागों को सशक्त बनाने के लिए, ओप्पो ने आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों के लिए शैक्षणिक खर्चे को कवर करने वाली स्कॉलरशिप्स की पेशकश की जाएगी।

5-Russia defeated Croatia 2-1 in their tie to win their first Davis Cup title since 2006.

रूस ने क्रोएशिया को **2-1** से हराकर **2006** के बाद अपना पहला डेविस कप खिताब जीता।

6-AYUSH Minister Sarbananda Sonowal inaugurated a 50 Bed Integrated Ayush Hospital in Moreh, Manipur through virtual medium and announced major initiatives for the development and promotion of AYUSH industry in Manipur.

आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने वर्चुअल माध्यम से मणिपुर के मोरेह में **50** बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल का उद्घाटन किया और इसके साथ ही मणिपुर में आयुष उद्योग के विकास एवं संवर्धन के लिए प्रमुख पहलों की घोषणा की।

7-'Sandhayak', the first of the four Survey Vessels (Large) project being built for the Indian Navy, was launched in Kolkata.

भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे चार सर्वेक्षण पोत (लार्ज) प्रोजेक्ट में से पहला 'संध्यायक' कोलकाता में लॉन्च किया गया।

8-Argentina defeated six-time champion Germany 4-2 and won the title after a 16-year gap in the men's Junior hockey World Cup at the Kalinga Stadium.

अर्जेंटीना ने कलिंगा स्टेडियम में पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में छह बार के चैंपियन जर्मनी को **4-2** से हराकर **16** साल के अंतराल के बाद खिताब जीता।

9-India's star shuttler PV Sindhu lost the final of the BWF World Tour Finals to South Korea's Au Se-young in straight games 16-21, 12-21.

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के फाइनल में दक्षिण कोरिया की औ से-यंग से **16-21, 12-21** हार गईं।

10-Aresearch scholar from Jamia Millia Islamia (JMI) was selected for the coveted Prime Minister Research Fellowship (PMRF). Rubina, a PhD research scholar from the Department of Electrical Engineering, was selected under the direct entry category of the May 2021 drive.

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) की एक रिसर्च स्कॉलर को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप (पीएमआरएफ) के लिए चुना गया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की पीएचडी रिसर्च स्कॉलर रुबीना को मई **2021** के अभियान के दौरान प्रत्यक्ष प्रवेश श्रेणी के तहत इस फेलोशिप के लिए चुना गया है।